# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार 15 नवंबर 2025




## खबर संक्षेप

### मोना स्कूल में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस



**कटेली।** मोना स्कूल कटेली में 14 नवंबर को बाल दिवस का मनाया गया। इस अवसर पर भारत के प्रथम प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन और आदर्शों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के संचालक लक्ष्मी साहू एवं प्राचार्य कान्हू सारंगी ने दीप प्रज्वलन कर पूजा पाठ की। शिक्षक गोपीचंद बरेठ, पूरन लाल बारिक, सत्यवान साहू, रमाकांत साहू शिक्षिका रेनू रात्रे, पदमा मैत्री, जया बरगाह, खुशबू साहू,कृष्णा साहू, पार्वती पटेल, कविता यादव, सरिता, पांडा और विद्यार्थी उपस्थित थे। बाल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित आनंद मेले में बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया स्टाल लगाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण में तेजी घर घर पहुंच रहे हैं बीएलओ



**कटेली।** जिले में मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर प्रशासन पूरी मुस्तैदी से। जिले के सभी विधानसभा में बूथ लेवल अधिकारी मतदाताओं के घर-घर पहुंचकर गणना प्रपत्र और घोषणा पत्र वितरित कर रहे हैं। साथ ही आवश्यक दस्तावेजों का संकलन कर मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने में जुटे है। यह अभियान 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक चलेगा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले में जिला निर्वाचन अधिकारी निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मतदान केंद्र स्तर पर इस कार्य को मांनिटरिंग कर रहे हैं ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल हो सके ग्रामीण से लेकर शहरी इलाकों तक बीएलओ सक्रियता से मतदाताओ तक पहुंच रहे हैं अभियान का उद्देश्य न केवल नए मतदाताओं का पंजीयन करना है बल्कि पुराने रिकॉर्ड को भी अद्यतन कर मतदाता सूची को सटीक और विश्वसनीय बनाना है।

### टीपीडब्ल्यूओडीएल ठेका कर्मियों का फूटा गुस्सा

**राउरकेला।** टीपीडब्ल्यूओडीएल राजगांगपुर डिवीजन में कार्यरत ठेका कर्मियों ने गुरुवार को वेतन भुगतान में लगातार हो रही देरी के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। मिथिला एंड मिथिला एंटरप्राइजेज बरागांव के तहत नियुक्त कर्मचारी कुटरा, राजगांगपुर, कूलुंगा, बिरमित्रापुर, कुआरमुंडा और हतीबाड़ी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पहुंचकर कार्यालय के सामने धरने पर बैठे। उनका आरोप था कि वेतन समय पर न मिलने से परिवार चलाना मुश्किल हो गया है। कर्मचारियों का कहना है कि एजेंसी को हर माह की 10 तारीख तक वेतन देना अनिवार्य है, लेकिन लगातार लापरवाही बरती जा रही है। इतना ही नहीं, सरकारी घोषित छुट्टियों का वेतन भी नहीं दिया जा रहा। कई शिकायतों के बावजूद टीपीडब्ल्यूओडीएल प्रबंधन द्वारा ठेकेदार पर कोई कार्रवाई न किए जाने से मजदूरों में आक्रोश गहरा गया है। इस बीच, राजगांगपुर डिवीजन के कार्यकारी अभियंता समरेश पाल ने बताया कि कर्मचारियों की शिकायतें उच्च अधिकारियों तक पहुंचा दी गई हैं। ठेकेदार को लंबित वेतन तुरंत जारी करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि ठेकेदार ने आश्वासन दिया है कि सभी कर्मियों का बकाया वेतन आज शाम तक भुगतान कर दिया जाएगा।

### इस्पात नगरी को मिलेगा नया स्पोर्ट्स हब

**राउरकेला।** इस्पात नगरी राउरकेला के खेल प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। लंबे इंतज़ार के बाद राउरकेला इस्पात संयंत्र आरएसपी ने इस्पात स्टेडियम के व्यापक जीर्णोद्धार और एक नए फ़ुटबॉल स्टेडियम के निर्माण की तैयारी शुरू कर दी है। इस्पात स्टेडियम और बीजू पटनायक हॉकी स्टेडियम के बीच स्थित खाली भूमि पर बनने वाले फ़ुटबॉल स्टेडियम का भूमि पूजन भी संपन्न हो चुका है।

## विधायक, सांसद, कलेक्टर, एसएसपी सहित नागरिक हुए शामिल

# सरदार पटेल की जयंती निकला यूनिटी मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

भारत रत्न एवं देश के प्रथम उप–प्रधानमंत्री लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आज जशपुर जिले में भव्य "यूनिटी मार्च" का आयोजन किया गया।

■ बंदरचुआं से 10 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए दोकड़ा सेजेस स्कूल तक पूर्ण की पदयात्रा

रैली ग्राम बंदरचुआँ चौक से प्रारंभ होकर लगभग 10 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए ग्राम दोकड़ा स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में संपन्न हुई। देश की एकता, अखंडता और सामाजिक सौहार्द्र के संदेश के साथ निकाली गई यह रैली जशपुर की सबसे जागरूकता–प्रधान और जनसहभागिता वाली रैली रही। मार्च में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद रायगढ़ राधेश्याम राठिया उपस्थित रहे।






### जनप्रतिनिधियों ने सरदार पटेल के राष्ट्रनिर्माण में योगदान को किया स्मरण

समापन समारोह में सांसद राधेश्याम राठिया ने सरदार पटेल को देश की एकता का आधारस्तंभ बताते हुए कहा कि स्वतंत्रता के बाद देशी रियासतों का भारत में विलय कर उन्होंने भारत को मजबूत राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। उन्होंने कहा कि पटेल की नीतियाँ आज भी देश को मार्गदर्शन देती हैं। महान पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल छोटे से किसान परिवार से ताल्लुक रखते हुए देश सेवा में आगे बढ़े। भारत को एकजुट करने पूरी ताकत झोंक दी। कई रियासत जब देश से अलग होना चाहते थे उस टाइम 500 से अधिक रियासतों को माला जैसे एक सूत्र में पिरोकर भारत देश में मिला दिया। उन्होंने सरदार पटेल के संघर्षों एवं देश प्रेम पर प्रकाश डालकर लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने बगिया के हाई स्कूल में विद्यार्थियों एवं आमजनों को नशा मुक्त भारत अभियान की शपथ भी दिलाई। साथ ही स्वयं एवं अपने आसपास के लोगों को नशा से दूर रहने प्रेरित किया। पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय और जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने भी सरदार पटेल की दूरदर्शिता, प्रशासनिक क्षमता और राष्ट्रभक्ति का उल्लेख करते हुए युवाओं से उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया। जब देश में विभाजन का आग सुलग रहा था उस समय उन्होंने सभी प्रांतों और रियासतों को भारत में विलय किए तथा देश को अखंड भारत के रूप में स्थापित किया। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी जीवटता के साथ काम किया।

### ग्राम बंदरचुवां से ग्राम दोकड़ा तक 10 किमी की भव्य यात्रा

यूनिटी मार्च ग्राम बंदरचुवां चौक से प्रारंभ होकर बगिया होते हुए मुख्य मार्गों से मैनी नदी पार करते हुए गांव दोकड़ा में स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल तक पहुँची। मार्च के प्रारंभ में सरदार पटेल की छायाचित्र पर अतिथियों ने माल्यार्पण कर नमन किया। रैली के दौरान आसपास के ग्रामीणों ने तालियों और देशभक्ति नारों के साथ उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

### यूनिटी मार्च देश की सामाजिक एकता का प्रतीक

कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार आयोजित इस यूनिटी मार्च में जनसहभागिता बेहद उत्साहजनक रही।



## जशपुर में शिक्षक की दरिंदगी बेनकाब

# अगस्त 2024 से छह बार नाबालिग छात्रा से किया दुष्कर्म

**जशपुरनगर।** जिले में एक रौंगटे खड़े कर देने वाला मामला सामने आया है, जिसने शिक्षा व्यवस्था और मानवता दोनों को शर्मसार कर दिया है। एक नाबालिग छात्रा को अपने ही घर में रखकर पढ़ाई और घरेलू काम करवाने वाले शिक्षक गिरधारी यादव ने अगस्त 2024 से अब तक छह बार छात्रा के साथ दुष्कर्म किया। हैरत की बात यह है कि छात्रा के अचानक गायब होने पर गुमशुदगी की रिपोर्ट भी आरोपी शिक्षक ने ही दर्ज कराई थी, लेकिन एक दिन बाद ही छात्रा अपने परिजनों के साथ सिटी कोतवाली पंहुच कर शिक्षक के काले करतूत का खुलासा कर दी।

■ गुमशुदगी की रिपोर्ट भी आरोपी ने ही कराई थी दर्ज

मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता हॉस्टल में रहने के बजाय आरोपी शिक्षक के घर पर ही रहती थी और वहीं खाना बनाने से लेकर साफ-सफाई तक घरेलू कार्य भी करती और स्कूल में अध्ययन करती थी। इसी दौरान आरोपी ने भरोसे का फायदा उठाते हुए उसे अपनी हवस का शिकार बनाना शुरू किया। पुलिस ने जब छात्रा से पूछताछ की, तो उसने बताया कि आरोपी गिरधारी यादव ने पिछले एक वर्ष में कम से कम छह बार उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया।

# बिजली पोल में बल्ब लगा ही नहीं, जहां है वहां जल नहीं रहा

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर में प्रकाश व्यवस्था को लेकर कई रातों से पडताल की गई। इस दौरान बोरोडिपा से बाजार रोड तक 4 जगहों में लगातार बल्ब जलते बुझते पाए गए। वहीं 17 स्थानों में लगे हुए बल्ब जल नहीं रहे थे। कई स्थानों में बल्ब ही नहीं लगे थे।

ज्ञात हो कि कुछ समय पहले बाजार वार्ड में प्रकाश व्यवस्था का जिक्र किया गया था, जिसमें सवाल उठाया गया था और नगर पंचायत पुसौर की लापरवाही को स्थानीय लोगों ने अवगत कराया था। नगर के मुख्य रोड जहां लगातार लोगों की आवाजाही होती है। वहां अंधेरा होना कई स्थानों का बल्बों का लगातार जलना बुझना प्रबंधन के अव्यस्था को दर्शाता हॅ। मालूम हो कि तहसील कार्यालय से पुसौर की बसाहट शुरू होती है जहां बल्ब तो जल रहे हैं लेकिन वो पर्याप्त प्रकाश नहीं दे रहे है। बोरोडीपा चौक में प्रकाश व्यवस्था नहीं है। इसके बाद लोकेश हास्पिटल के ठीक सामने एक बल्ब जलता है जो बार बार जलता बुझता है जो राहगीर को और परेशानी में डाल रहा है। इसी के आस पास मवेशी सड़कों पर बैठे रहे हैं। यहां लगातार अधेरे की वजह से दुर्घटनाएं भी होती रही है। हास्पीटल के सामने ही इस तरह की अंधेरा को लेकर प्रबंधन और नगर पंचायत के बीच के कैमिस्ट्री कोई समझ नहीं पा रहा है। भाठिया कालोनी के पास, से लेकर देशी शराब दुकान, छींच चौक, बस स्टैण्ड पुसौर, गायत्री मंदिर चौक, और बाजार चौक जैसे प्रमुख स्थानों में लाइटिंग की अवस्था नगरीय निकाय पर सवाल खडे कर रहा है। रिहायसी इलाकों की बात करें तो डिहीपारा, कोलतापारा, मुडीतल, देवलापारा, सारथी मोहल्ला, बोरोडिपा के वार्ड क्रमांक 1 और 2 तथा 3 कालोनी जेडीएस, भाठिया और हाउसिंग कालोनी इन सारों स्थलों में प्रकाश की व्यवस्था को लेकर पडताल हुई जहां निवासरत लोगों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा किए गए प्रकाश व्यवस्था में ही संबंधित गलियों में उजियारा है और नगर पंचायत द्वारा जहां बल्ब लगे हुए हैं या तो जल नहीं रहे हैं और जल भी रहे हैं तो वो पर्याप्त प्रकाश देने लायक नहीं है।




### बिलाईगढ़ में रमेश हार्डवेयर इलेक्ट्रिकल्स एवं रमेश वस्त्रालय में शुरू हुआ बिग सेल ऑफर

**बिलाईगढ़।** नगर के इंदिरा मार्केट स्थित रमेश हार्डवेयर इलेक्ट्रिकल्स एवं रमेश वस्त्रालय में ग्राहकों के लिए विशेष बिग सेल ऑफर की शुरुआत की गई है। दुकानदारों के अनुसार छत्तीसगढ़ के सबसे किफायती दामों पर हार्डवेयर, इलेक्ट्रिकल एवं वस्त्रों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराई जा रही है। दुकान संचालकों ने बताया कि हार्डवेयर एवं इलेक्ट्रिकल्स की श्रेणी में बोर खनन मशीनें, बोरिंग छड़, सीमेंट, पेंट, पुट्टी, पीओपी, टाइल्स, सेनेटरी आइटम, पानी टंकी, नल फिटिंग सामग्री, बिजली की सामग्री, प्लाईवुड, सनमाइका सहित विभिन्न आवश्यक सामान सस्ते दामों पर उपलब्ध हैं। वहीं रमेश वस्त्रालय में पुरुष, महिला एवं बच्चों के लिए विविध प्रकार के वस्त्र रखे गए हैं। ग्राहकों को आकर्षित करने जारी बिग सेल ऑफर के तहत 4,999 की खरीदी पर एक उपहार कूपन, 9,998 की खरीदी पर दो उपहार कूपन दिए जा रहे हैं।

# राज्यपाल ने सुरभि को स्वर्ण पदक से किया सम्मानित

**रायगढ़।** रायगढ़ के मोटवानी परिवार की युवा सदस्य सुरभि मोटवानी ने एशियन अकैडमी ऑफ फिल्म एंड टेलिविजन यूनिवर्सिटी ऑफ़ मीडिया एंड आर्टस छतीसगढ़ में डिप्लोमा इन पब्लिक रिलेशन एंड इवेंट मैनेजमेंट में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए न केवल मोटवानी परिवार बल्कि रायगढ़ का नाम रोशन किया है।

विगत दिनों यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि राज्यपाल रामेन डेका ने मेधावी छात्र छात्राओं को उपाधि पत्र देते हुए उन्हें योग्य पुरस्कारों से नवाजा जिसमें सुरभि मोटवानी को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की बहुत संभावनाएं हैं युवा इसे देखें सोचें और अवसर का उपयोग करें। अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मजबूत इच्छाशक्ति होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अनुशासन और समय का पाबंद होना प्रबंधन का महत्वपूर्ण भाग है। अपने समय का सदुपयोग करें और अपनी क्षमता और योग्यता का विकास करें। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री छत्तीसगढ़ टंक राम वर्मा, छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष वी के गोयलए विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा एवं कुलाधिपति डॉ संदीप मारवाह ने विद्यार्थियों एवं उपस्थित अभिभावकों को संबोधित किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष वी के गोयल विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। स्वर्ण पदक विजेता सुरभि मोटवानी ने कहा कि मुझे स्वर्ण पदक प्राप्त होने की अत्यंत प्रसन्नता है क्योंकि मैं बचपन से ही अपने दादा स्वर्गीय एल सी मोटवानी को स्वर्ण पदक विजेता के रूप में ही देखती आई हूं। सुरभि ने कहा कि इस सफलता में मेरे परिवार का भी पूरा योगदान है उन्होंने लीक से हटकर मुझे यह कोर्स करने का अवसर दिया।




# सरसींवा में एसडीएम लिंक कोर्ट की स्थापना

**सरसीवा।** सरसीवा क्षेत्र की जनता की लंबे समय से चली आ रही मांगआज पूरी हो गई है। सरसीवा में बहुप्रतीक्षित एसडीएम लिंक कोर्ट की स्थापना का आदेश जारी हो चुका है।

अब इस क्षेत्र के किसानों आम जनता को अपने कार्य के लिए 25 किलोमीटर दूर बिलाईगढ़ ठंड, बरसात एवं गर्मी की तेज धूप में हुए आना जाना पड़ता था। जिससे अब इस क्षेत्र के लोगों को निजात मिलेगी उनका सारा कार्य अब एसडीएम के बैठने से हो जाएगा। यह उपलब्धि न केवल प्रशासनिक दक्षता का प्रतीक है, बल्कि आम जनता के प्रति प्रशासन की संवेदन शीलता और प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है। सरसीवा, जो अपने विशाल भौगोलिक विस्तार के लिए जाना जाता है, यहां की जनता को लंबे समय से न्यायिक और प्रशासनिक सेवाओं तक पहुंचने में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। दूर दराज के क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को छोटे बड़े मामलों के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, जिससे समय, धन, और ऊर्जा की हानि होती थी। इस समस्या के समाधान हेतु क्षेत्रवासियों की मांग थी कि स्थानीय स्तर पर एक लिंक कोर्ट की स्थापना हो जो उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान कर सके।



# कन्या शाला घरघोड़ा की पालक शिक्षक बैठक में विद्यार्थी पुरस्कृत

**घरघोड़ा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला घरघोड़ा में शाला प्रबंधन समिति की बैठक छात्राओं के शैक्षणिक विकास एवं समुदाय से समन्वयता स्थापित करने के दृष्टिकोण से आयोजित की गई।

बैठक में सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी के सम्मान में राज्य गीत का सामूहिक गायन हुआ। बैठक में पालकों शिक्षक छात्राओं की उपस्थिति थी। बैठक में विगत दिनों हुए स्वच्छता पखवाड़ा पर एवं अन्य आयोजित गतिविधियों को लेकर समीक्षात्मक चर्चा की गयी जिसमें छात्राओं ने अपनी सहभागिता बेहतरीन ढंग से प्रस्तुत की द्यशिक्षण कार्य को बेहतरीन रूप से सुदृढ़ करने मेंटर नियुक्त कर वर्तमान दिनांक तक मेंटर द्वारा छात्र हित में किए गए कार्यों से पालकों को अवगत कराते हुए शिक्षा का समग्र वातावरण घरों मे तैयार करने हेतु पालकों से चर्चा की गई। विद्यालय में छात्राओं की नियमित उपस्थिति बनाए रखने, नियमित लेखन पठन, गृह कार्य को प्राथमिकता प्रदान करना आदि विन्दुओं पर छात्र वार चर्चा करते हुए शिक्षा को परिणाम मूलक बनाने पालकों से घरेलू सहयोग की चर्चा की गई। अखिलेश कुमार मिश्रा ने छात्राओं पालकों से अनुभव को साझा करते हुए शिक्षण में निरंतरता को बनाए रखने एवं बाल दिवस के कार्यक्रम के संबंध में जानकारी प्रदान की। बैठक में पालक सह जनप्रतिनिधि के तौर पर राजकुमारी डनसेना ने विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा छात्र हित मे किए जा रहे शैक्षणिक कार्यों की सराहना करते हुए छात्राओं से संवाद स्थापित किया एवं बैठक में उपस्थित छात्रावास अधिक्षिका ऋतु रानी एक्का ने समयानुसार नियमित क्लास लगाने की बात कही। शिक्षिका ज्योति ने वार्ड वार चिन्हांकित स्थलों मे पालक छात्र सम्पर्क करने एवं शिक्षिका निवेदिता सिंह ठाकुर द्वारा जाति आय प्रमाण पत्र बनवाने की कार्यवाही पूर्ण करते हुए एवं आधार अपग्रेड करने पालकों के समक्ष विन्दुओं को रखा गया।



# डीजल कॉलोनी में सरकारी जमीन पर चर्च का निर्माण



**राउरकेला।** बंडामुंडा स्थित डीजल कॉलोनी में मां की रसोई होटल के ठीक पीछे बन रहे स्थाई चर्च को लेकर स्थानीय नागरिकों एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के सदस्यों ने प्रशासन से शिकायत कर सरकारी जमीन आरएसपी व रेलवे का अधिग्रहण पर अवैध निर्माण रोकने की मांग की है। यह शिकायत इस आशय से की गई कि डीजल कॉलोनी में मां की रसोई होटल के पीछे रेलवे पुल के समीप आरएसपी रेलवे की अधिग्रहित भूमि पर स्थायी चर्च का अवैध निर्माण कार्य जारी है।

शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि उक्त निर्माण बिना किसी सक्षम प्राधिकरण की अनुमति या स्वीकृति के किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह भूमि सार्वजनिक संपत्ति हैए जिस पर निजी या धार्मिक निर्माण नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया कि हाल के दिनों में राउरकेलाए बंडामुंडा और सुंदरगढ़ क्षेत्र में धर्मांतरण जैसी गतिविधियाँ बढ़ी हैंए और यह निर्माण भी उसी दिशा में उठाया गया कदम प्रतीत होता है।

निवासियों ने इस संबंध में एस्टेट अधिकारी, सहायक मंडल अभियंता दक्षिण पूर्व रेलवे और अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी, राउरकेला से इस अवैध निर्माण की वैधता की जांच कर तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है।

# यूनिटी मार्च में शामिल हुआ डॉ भंवर सिंह पोर्ते महाविद्यालय




**घरघोड़ा।** सरदार वल्लभभाई पटेल के 150वीं जन्म जयंती वर्ष पर दुर्गा प्रसाद अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं मनोज गुप्ता तहसीदार घरघोड़ा के द्वारा तहसील कार्यालय में एक बैठक आहूत किया गया। जिसमें हमें सरदार वल्लभ भाई पटेल की जीवनी पर आधारित नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर जन जागृति लाने का जिम्मा इस महाविद्यालय को दिया गय।

इस कार्यक्रम को साशी निकाय अध्यक्ष अरुण कुमार पंडा के संरक्षण में तथा संस्था प्राचार्य डॉ जगदीश तिर्की, एस एल साहू कार्यक्रम अधिकारी रासेयो के मार्गदर्शन एवं दीपक सिंह ठाकुर के नेतृत्व 10 नवंबर को ग्राम चूहकीमार, भेंड्रा एवं बैहामुड़ा तथा 11 नवंबर को भालूमार एवं इमलीडीह में नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन छात्र छात्राओं द्वारा खेड़ा सत्याग्रह एवं अन्य घटना का मंचन किया गया, जिसमें पात्र के रूप में बिंदिया, अनुकंचन, बिंदिया, दीपिका, नीलम, संजना, टीना, ज्योत्सना, रमा, युवराज और लिबनुस आदि ने भाग लिए नुक्कड़ को तैयार करने में मोनिका लकड़ा एवं पद्मिनी भोय मैडम की विशेष भूमिका रही। 12 नवंबर को यूनिटी मार्च पदयात्रा में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं अन्य छात्र छात्राओं की सक्रिय भागीदारी रही। पद यात्रा घरघोड़ा गायत्री मंदिर से शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वित्तमंत्री रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी एवं सांसद राधेश्याम राठिया सहित विशिष्ट जनों की उपस्थिति रही। महाविद्यालय स्टॉफ से अजय कुमार मिश्रा, राम प्यारे सूर्यवंशी, चंद्रकांती साव, तारा गुप्ता, नैना टोप्पोएवंदना पोर्ते एवं स्वयंसेवकों ने यूनिटी मार्च पदयात्रा में शामिल होकर घरघोड़ा से तमनार तक पैदल मार्च किया।

### जीएसटी नियमों की खुले आम उड़ाई जा रही धज्जियां

**राउरकेला।** शहर और आसपास के इलाकों में जीएसटी नियमों की खुलेआम अवहेलना करते हुए कुछ व्यापारी दिन दहाड़े बीच रास्ते में माल की अदला-बदली कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार वेदव्यास, राजगांगपुर, कुंआरमुंडा, देवगांव, आई डी सी और टिसीआई क्षेत्रों में स्थित कई निजी गोदाम इस अवैध गतिविधि के केंद्र बन चुके हैं। बताया जा रहा है कि ट्रकों से लाए गए माल की अदला बदली पेट्रोल पंपों के किनारे और सड़क किनारे खुलेआम की जा रही है। इससे न केवल राजस्व को भारी नुकसान हो रहा है, बल्कि जीएसटी कानून की पूरी तरह से अनदेखी की जा रही है। राउरकेला गुड्स ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ राजकुमार यादव के अनुसार, विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत के कारण इन गतिविधियों पर कोई अंकुश नहीं लग पा रहा है।







## खबर संक्षेप



### अवैध कबाड़ परिवहन पर पुलिस की कार्रवाई

**रायगढ़।** कोतरारोड पुलिस ने अवैध कबाड़ परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक माजदा वाहन से भारी मात्रा में टीना स्क्रैप जब्त किया है। जब्त स्क्रैप और वाहन की कुल कीमत 16 लाख 5 हजार रुपए बताई जा रही है। दरअसल पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक टाटा माजदा वाहन में अवैध टीना स्क्रैप लोड कर ओडिशा की ओर से रायगढ़ की तरफ लाया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कोसमनारा तिराहा ओवरब्रिज रायगढ़ के पास घेराबंदी की। जांच के दौरान वाहन को रोका गया और चालक से पूछताछ की गई। उसने अपना नाम वशिष्ठ नायक पिता बोईलुचन नायक 39 वर्ष निवासी हल्दीपाली, थाना आमापाली, जिला बरगढ़ ओडिशा बताया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें भारी मात्रा में स्क्रैप लोड पाया गया। चालक से स्क्रैप के संबंध में दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। ऐसे में पुलिस ने कबाड़ और वाहन को जब्त कर आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### सड़क पर माल अदला बदली पर जीएसटी रेड



**राउरकेला।** सड़क किनारे अवैध तरीके से माल की अदला-बदली पर प्रकाशित खबर का असर तुरंत दिखाई देने लगा। शुक्रवार तड़के ही जीएसटी विभाग की टीम बेलडीह एचपी पेट्रोल पंप पहुंची और वहां पड़ी संदिग्ध सामग्री की जांच की। जानकारी के अनुसारए मौके पर रखी गई फायर क्ले ब्रिक्स जो औद्योगिक फर्नेस में लेयरिंग के काम आती हैं, उन्हें पेवर ब्लॉक बताकर माल लोड करने वाली पार्टी द्वारा मामले को रफा-दफा करने की कोशिश की जा रही थी। जब यह जानकारी जीएसटी अधिकारियों को दी गई, तो उन्होंने तुरंत संज्ञान लिया और मामले की विस्तृत जांच का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने भविष्य में इस तरह की अवैध अदला-बदली के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात भी कही। राउरकेला गुड्स ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार यादव ने स्थिति पर गहरी नाराज़गी जताई। उन्होंने कहा हर स्थिति में आम ट्रांसपोर्टर और छोटे व्यापारियों को ही परेशान होना पड़ता है, जबकि दूसरी तरफ अवैध तरीकों से काम करने वाले ट्रेडर्स या ट्रांसपोर्टर्स को किसी तरह की दिक्कत नहीं होती, यह बेहद आश्चर्यजनक और चिंताजनक है। स्टेट जीएसटी टीम की अचानक कार्रवाई से संबंधित कारोबारियों में खलबली मच गई है।

## योजनाओं के संचालन का दिया गया है हवाला, फिर भी लगी ड्यूटी

# 73 ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी करेंगे धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कृषि उत्पादन आयुक्त एवं सचिव कृषि शहला निगार के आदेश रद्दी की टोकरी में चला गया है। कृषि उत्पादन आयुक्त ने बीते 6 नवंबर को प्रदेश भर के कलेक्टरों को पत्र जारी किया था। इसमें केंद्र और राज्य की योजनाओं समेत विभागीय कार्यो का हवाला देकर धान खरीदी में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की ड्यूटी लगाने पर पाबंदी लगाई थी, लेकिन रायगढ़ जिले में यह आदेश कारगर साबित नहीं हो सका। यहां करीब 73 ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की ड्यूटी धान खरीदी में बतौर प्रबंधक लगा दी गई है। साथ ही अन्य विभाग के करीब 18 अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी भी इसमें लगाई गई है।

**खास बात**

- कृषि उत्पादन आयुक्त एवं सचिव ने 6 नवंबर को जारी किया है प्रदेश भर के कलेक्टरों का आदेश

आज से धान खरीदी चालू होगी। इस साल समिति प्रबंधकों और कंम्प्यूटर ऑपरेटरों ने दो महीने पहले से ही चार सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन चालू कर दिया है। इससे धान खरीदी को लेकर प्रशासन पशोपेश में है। कई दौर की चर्चा होने के बाद भी कोई सार्थक परिणाम सामने नहीं निकला। इसके बाद 13 नवंबर को एक आदेश जारी किया गया, जिसमें 91 अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी बतौर प्रबंधक लगाई गई है। इन अधिकारी- कर्मचारियों को संबंधित सहकारी समितियों और खरीदी केंद्रों में ज्वाइन करने कहा गया है। इस तरह के हालात निर्मित होने से कृषि विभाग का जहां पूरा काम काज प्रभावित हो सकता है। वहीं धान खरीदी जैसे रिस्की वाला काम करने में कोई पारंगत भी नहीं है। ऐसे में इन अधिकारी-कर्मचारियों की परेशानी बढ़ गई है।



लोइंग सहकारी समिति में सफाई करते मजदूर।

**कृषि अधिकारियों ने किया था आंदोलन**

ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संघ ने दो महीने पहले इस तरह की ड्यूटी को लेकर चरणबद्ध आंदोलन भी किया था। इस दौरान कलेक्टर समेत प्रदेश स्तर पर सौंपे गए ज्ञापन में कृषि कार्यो के अलावा अन्य ड्यूटी को लेकर नाराजगी जताई गई थी। यहां 73 ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी गई है।

### इन योजनाओं का दिया गया है हवाला

कृषि उत्पादन आयुक्त एवं सचिव छग शासन कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौधौगिकी विभाग ने रबी सीजन के साथ मक्का, मिलेट्स, आदि फसल परिवर्तन और अन्य दर्जनों योजनाओं का हवाला देकर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की ड्यूटी नहीं लगाने कहा था, लेकिन इसका कोई फायदा नहीं हुआ। यहां सभी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। अब ये अधिकारी धान खरीदी करेंगे या विभागीय योजनाओं को किसानों तक पहुंचाएंगे यह तय नहीं कर पा रहे हैं।

### कलेक्टर ने खरीदी केंद्रों का लिया जायजा



जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का महापर्व आज से प्रारंभ हो रहा है, जो 31 जनवरी तक चलेगा। इसके लिए प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिले के पंजीकृत एवं पात्र किसान अपने निर्धारित उपार्जन केंद्रों में पहुंचकर प्रति एकड़ 21 क्विंटल निर्धारित सीमा तक धान विक्रय कर सकेंगे। धान खरीदी व्यवस्था को सुचारू और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने आज धनागर.कोतरा एवं कोड़ातराई धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने केंद्रों में साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, बिजली, छाया, काटा, बांट, आर्द्रतामापी यंत्र, बारदाना उपलब्धता, तारपोलिंग, सुरक्षा व्यवस्था और ड्रेनेज सिस्टम की विस्तार से जानकारी ली। साथ ही चेकलिस्ट के अनुरूप सभी आवश्यक तैयारियां समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### कापू पुलिस ने छेड़खानी के फरार आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा



**रायगढ़।** कापू पुलिस ने युवती से छेड़खानी और मारपीट के मामले में फरार चल रहे आरोपी उमेश चौहान को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल वारंट पर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। आरोपी उमेश चौहान पिता श्याम सुंदर चौहान 27 वर्ष निवासी कमतराई थाना कापू पर पूर्व में भी ऐसे ही आरोप दर्ज हैं। बीते जुलाई माह में एक महिला द्वारा उसके खिलाफ छेड़खानी और मारपीट की शिकायत पर थाना कापू में अपराध दर्ज हुआ था, जिसमें पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार किया था। बाद में वह जमानत पर चल रहा था। इसी बीच 22 अक्टूबर को आरोपी अपने दोस्तों के साथ एक स्थानीय युवती के घर पहुंचा और उसके साथ मारपीट एवं छेड़खानी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गया। युवती की शिकायत पर 24 अक्टूबर को थाना कापू में अपराध दर्ज कर आरोपी की पतासाजी की जा रही थी। मुखबिर से मिली सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस आरोपी को दबोच लिया और न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजने के आदेश जारी हुए।

# करंट से कृषि विस्तार अधिकारी की मौत, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



लैलूंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत विद्युत करंट की चपेट में आकर कृषि विस्तार अधिकारी की मौत मामले में आखिरकार पुलिस ने दो आरोपियों को धर दबोचा है। आरोपियों द्वारा जंगली सूअर मारने के लिए तार बिछाया गया था, लेकिन उसकी चपेट में अधिकारी हा गए। फिलहाल पुलिस ने दोनों आरोपियों को रिमांड पर भेज दिया है। दरअसल ग्राम खम्हार के रहने वाले लाल कुमार साहू 40 वर्ष गुडुबाहाल बहमा ने में कृषि विस्तार अधिकारी के पद पर पदस्थ थे। 12 अक्टूबर की रात को वो अपने चचेरे भाई आलोक साहू के साथ वह अपने खेत रखवाली के लिए गए थे। तभी लाल कुमार करंट प्रवाहित तार की चपेट में आ गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया था। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि जंगली सूअर के शिकार के लिए कुछ लोगों के द्वारा अवैध तरीके से करंट तार बिछाया गया था। पुलिस ने जांच को आगे बढ़ाते हुए खम्हार निवासी दो संदिग्ध जोसेफ मिंज 40 वर्ष और सोनू एक्का 26 वर्ष को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ की, जिसमें दोनों आरोपियों ने करंट तार लगाना स्वीकार किया। ऐसे में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेज दिया है।

## साइबर सेल और पुसौर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

# साइबर ठगी में उपयोग हुए दो म्यूल खाता धारक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ जिले की पुसौर पुलिस ने साइबर ठगी के लिए बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले दो म्यूल खाता धारकों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा संचालित भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के समन्वय पोर्टल से साइबर अपराध से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां शोध एवं अनुसंधान के लिए पुलिस को उपलब्ध कराई जाती हैं। इसी क्रम में प्रदेश के विभिन्न बैंकों में साइबर धोखाधड़ी से प्राप्त रकम के लेनदेन में प्रयुक्त हुए खातों का विवरण साइबर सेल रायगढ़ को प्राप्त हुआ था। जांच के दौरान पुसौर क्षेत्र के



कारीछापर निवासी ईश्वर सिदार का नाम सामने आया, जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में ईश्वर सिदार ने बताया कि उसके गांव के ही ऋषि कुमार सिदार ने उसे बैंक में जाकर अपने नाम से खाता खुलवाने के लिए कहा था और बदले में प्रतिमाह एक देने का लालच दिया था। ईश्वर सिदार ने कर्नाटक बैंक में खाता खुलवाकर पासबुक ऋषि को सौंप दी थी, जिसके एवज में उसे एक हजार मिले भी थे। इस खाते के लेनदेन के बारे में उसे आगे कोई जानकारी नहीं थी। साइबर सेल की जांच में उक्त खाते में 6 लाख 92 हजार 200 साइबर धोखाधड़ी से प्राप्त राशि के रूप में जमा होना पाया गया। दोनों आरोपी यह जानते हुए कि इन खातों के जरिए अवैध रूप से ठगी की रकम को हासिल कर उसे आगे पहुंचाने का कार्य जाएगा और उन्होंने यह कृत्य किया। साइबर सेल रायगढ़ की लिखित शिकायत पर थाना पुसौर में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। जांच के दौरान ईश्वर सिदार 29 वर्ष व ऋषि कुमार सिदार 33 वर्ष दोनों निवासी कारीछापर थाना पुसौर गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

# गोवर्धनपुर, रेगड़ा गांव बना अवैध शराब का गढ़, घर-घर बिक रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चक्रधरनगर थाना क्षेत्र के गोवर्धनपुर व रेगड़ा गांव बीते कई सालों से अवैध महुआ शराब का गढ़ बन चुका है। इन गावों के घर-घर में खुलेआम सोमरस की बिक्री कर लोगों को पिलाया जाता है। रायगढ़ पुलिस द्वारा जिले में नशामुक्त गांव बनाने अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन चक्रधरनगर थाना क्षेत्र में पुलिस के यह दावे खोखले नजर आ रहे हैं। यहां शराब माफियाओं को किसी का खौफ नहीं है।

एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन और जिले के पुलिस अधिकारियों की सक्रियता से अवैध शराब उन्मूलन एवं नशा विरोधी अभियान को लेकर सतत और सशक्त प्रयास जारी हैं। जिले में प्रतिदिन थाना और चौकी क्षेत्र के पुलिस अधिकारी अपने अमले के साथ गांव-गांव पहुंचकर चौपाल लगाते हुए लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करा रहे हैं तथा महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देते हुए महिला समितियों का गठन कर रहे हैं। इन समितियों के माध्यम से अब गांवों में नशामुक्त वातावरण तैयार हो रहा है और सामाजिक सौहार्द में भी उल्लेखनीय सुधार देखा जा रहा है, लेकिन चक्रधर नगर थाना क्षेत्र इसके उलट है। यहां के गोवर्धनपुर और रेगड़ा गांव अवैध महुआ शराब बनाने और बिक्री करने को लेकर प्रख्यात है। यह कोई आजकल की बात नहीं, बीते कई सालों से इन गावों में अवैध महुआ शराब की खुलेआम बिक्री की जा रही है। इस ओर कार्रवाई करने में पुलिस के हाथ छोटे पड़ रहे हैं। जिससे पुलिस अधिकारियों के नशामुक्त गांव बनाने की मंशा पर पानी फिर रहा है।

### पुलिस ने नहीं बनाई महिला समिति

चक्रधर नगर पुलिस द्वारा इन दोनों ही गावों में अब तक न तो चौपाल लगाया गया है और न ही स्थानीय महिलाओं से आपसी सामंजस्य स्थापित कर कोई महिला समिति का गठन किया गया है। स्थानीय लोगों की मानें तो कभी कभार पुलिस यहां कार्रवाई तो करती है, लेकिन बाद में सांठगांठ कर मामले को रफादफा कर दिया जाता है और आरोपी को थाने से ही छोड़ दिया जाता है।

### आबकारी और पुलिस दोनों मेहरबान

बताया जाता है कि यहां के शराब विक्रेताओं द्वारा गांव के ही जंगल से लगे केलो नदी किनारे भारी मात्रा में शराब बनाया जाता है, लेकिन पुलिस और आबकारी विभाग उन मेहरबान नजर आते हुए यहां तक पहुंचने की जहमत तक नहीं उठाते हैं। जिससे यह अवैध धंधा जोरों से फल-फूल रहा है।

> गोवर्धनपुर और रेगड़ा गांव में पहले शराब बनाकर बिक्री करने की जानकारी थी, लेकिन अब भी ऐसा हो रहा है यह आपके माध्यम से पता चला है। एसपी सर के निर्देश पर जिले में अभियान चला कर कार्रवाई की जा रही है, यहां भी कार्रवाई की जाएगी।
>
> **सुशांतो बनर्जी**
> डीएसपी, पुलिस प्रवक्ता

# बिहार में एनडीए की जीत पर सरिया में जश्न का माहौल

**सरिया।** बिहार में पूर्ण बहुमत के साथ एनडीए की जीत पर सरिया में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। यह आयोजन भाजपा मंडल सरिया के नेतृत्व में हुआ। जिसमें पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे का मुंह मीठा कर और आतिशबाजी चला कर खुशी का इजहार व्यक्त किया। इस दौरान बिहार में नई सरकार के गठन पर बधाई दी गई। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्राही ने कहा कि एनडीए की सरकार बिहार में बनेगा और आज परिणाम पूर्ण बहुमत के साथ बिहार का जनादेश एनडीए को मिलने पर सरिया अटल चौक में जश्न मनाया गया तथा आने वाले दोनों में पश्चिम बंगाल में जो चुनाव संपन्न होंगे वहाँ भी भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ पश्चिम बंगाल में सरकार बनाएगी । उन्होंने कहा कि सीमावर्ती राज्य उड़ीसा में भी उपचुनाव के दौरान भाजपा प्रत्याशी की जीत हुई। इस तरह देश में अब कांग्रेस मुक्त होगा और लोगों को अच्छी सरकार मिलेगी। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को बधाई देते हुए मुंह मीठा किया।

## चपेट में आने से बाल-बाल बचे राहगीर, टल गया बड़ा हादसा

# ढिमरापुर चौक के गड्ढे में पलट गया लकड़ी से भरा ट्रक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शुक्रवार को ढिमरापुर चौक में एक बार फिर हादसा हुआ। लकड़ी से भरी ट्रक गड्ढे में अनियंत्रित होकर पलट गई। गनीमत रही कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन बड़ा हादसा टल गया। बताया जा रहा है कि कुछ राहगीर इसकी चपेट में आने से बाल-बाल बच गए।

स्थानीय लोगों की मानें तो उनके द्वारा कई बार इस जर्जर सड़क को लेकर प्रशासन से गुहार लगाई है, लेकिन जिम्मेदारों ने अपने आंख-कान बंद कर चुप्पी साध ली है। रायगढ़ के व्यस्ततम मार्ग ढिमरापुर चौक में हादसे रोजाना की कहानी बन गया है। शुक्रवार को इसी चौक में सड़क पर स्थित गड्ढों में पहिया फंस जाने से लकड़ी से भरी एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गई।



> उर्दना सरकारी डीपो से लकड़ी लोड कर ट्रक मंगलूडीपा जा रही थी। जहां कांटा करने के बाद ट्रक लकड़ी टाल लकड़ियों को खाली करने जाती, लेकिन इससे पहले ही ढिमरापुर चौक पर गड्ढों में अनियंत्रित होकर गाड़ी पलट गई।
>
> **मनीष अग्रवाल**
> गाड़ी मालिक

प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो सड़क के गहरे गड्ढों ने ट्रक को असंतुलित कर दिया, जिससे यह दुर्घटना घटित हुई। इस घटना के बाद ढिमरापुर चौक में जाम की स्थिति निर्मित हो गई थी। बीच चौक में ट्रक पलटने और लकड़ियों के बिखर जाने से लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही थी। इतना ही नहीं भारी वाहनों की रेलमपेल के कारण भी बार-बार जाम लग रहा था। हालांकि जाम को हटाने के लिए मौके पर ट्रैफिक पुलिस के जवान मौजूद थे।

### रोज हो रहे हैं हादसे

स्थानीय लोगों ने बताया कि ढिमरापुर के जर्जर सड़क और चौक के पास अनगिनत बड़े-बड़े गड्ढों में रोजाना हादसे हो रहे हैं। स्कूटी सवार महिलाएं, स्कूली बच्चे व छोटे वाहन चालक रोजाना हादसों में घायल हो रहे हैं। लोगों द्वारा नगर निगम, पीडब्ल्यूडी व जिला प्रशासन को कई बार इस जर्जर सड़क की दुर्दशा से अवगत कराया गया है, इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों ने अब तक सुध नहीं ली है। जिसका खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है।

BMC
विद्या ददाति विनयम्
बी.एम. कॉलेज
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) से संबद्ध
विगत वर्षों में 100% परीक्षा परिणाम
B.Ed.
कॉलेज कोड-114336
ऑनलाइन काउंसलिंग, अंतिम तिथि : 16/11/2025, शाम 5 बजे तक
गोकुल नगर, पुलगाँव (शासकीय आई.टी.आई. के पीछे), दुर्ग
Mob. : 87706-38793, 93403-11314, 93038-93829, 93008-50065
Sai समर्थ डेव्हलपर्स & बिल्डर्स
प्लॉट, फॉर्म हाऊस, खेत, मकान, फ्लैट
लुचकी चौक, तमेर पारा, दुर्ग (छ.ग.), मो.- 9303893829, 7000786116

